RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 148

स्पेन में दो तेज़ रफ़्तार ट्रेनों की टक्कर

68 लोगों की मौत

पीएम ने कहा- 'पूरा देश शोक में'



उर्दा, मैड्रिड (स्पेन)







यात्री ने बताया

"घटनास्थल पर अराजकता का माहौल था। हर तरफ चीख-पुकार और लोग मदद के लिए जोर से आवाज़ लगा रहे थे।

17 वर्षीय यात्री

(स्पेनिश ब्रॉडकास्टर से बातचीत)

68 लोगों की मौत

500+ यात्री दोनों ट्रेनों में सवार थे

रेनफ़े और इयों की ट्रेन के बीच हुआ हादसा

मैड्रिड-सेविया रूट पर चलती हैं दोनों ट्रेनें

हादसे से जुड़ी प्रमुख बातें

1. स्पेन में हाई-स्पीड ट्रेन की दूसरी ट्रेन से टक्कर में कम से कम 68 लोगों की मौत हुई।
2. दोनों ट्रेनों में 500 से ज़्यादा यात्री सवार थे।
3. हादसा मैड्रिड के दक्षिण में उर्दा के पास हुआ।
4. रेल ऑपरेटर एड्रिफ़ के अनुसार, यह रेनफ़े की ट्रेन और इयों की ट्रेन के बीच हुआ था।
5. राहत और बचाव अभियान जारी, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका।
6. स्पेन की सिविल गार्ड ने ड्रोन से ली गई तस्वीरें जारी की हैं। हादसे के पैमाने का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

हादसे की भयावह तस्वीरें





स्पेन के पीएम ने क्या कहा?



"मैं इस गंभीर ट्रेन हादसे से स्तब्ध हूँ, पूरा देश शोक में है। मैं परिवहन मंत्री के लगातार संपर्क में हूँ।

पेड्रो सांचेज़
प्रधानमंत्री, स्पेन

राहत और बचाव अभियान जारी

- हादसे के बाद तुरंत राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया।
- घटनास्थल पर हेलिकॉप्टर, एंबुलेंस और कई इमरजेंसी टीमें मौजूद।
- कई घायल यात्रियों को अस्पताल पहुँचाया गया।
- अधिकारियों ने कहा है कि मृतकों की संख्या आगे बढ़ सकती है।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 148

इंदौर में आज से वाणी साहित्य उत्सव शुरू

शशि थरूर, उदय प्रकाश समेत 45 से अधिक साहित्यकार होंगे शामिल; AI, कॉपीराइट और अनुवाद पर 27 सत्रों में चर्चा

इंदौर,मध्यप्रदेश | इंदौर में वाणी साहित्य उत्सव-2026 का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक होगा। वाणी प्रकाशन ग्रुप के इस महोत्सव में 45 से अधिक साहित्यकार शामिल होंगे। कुल 27 सत्रों में साहित्य, AI, कॉपीराइट, अनुवाद और भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी। डॉ. शशि थरूर 31 अक्टूबर को शामिल होंगे। उदय प्रकाश, माधव कौशिक और सत्य व्यास समेत कई लेखक भी विभिन्न सत्रों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में पुस्तक लोकार्पण, कविता-कुंभ, मुशायरा, कहानी लेखन और बच्चों की कार्यशालाएं तथा ओपन माइक आयोजित होंगे।



उत्सव में AI के दौर में लेखकीय स्वतंत्रता, कॉपीराइट, भारतीय भाषाओं और महिलाओं के सृजन जैसे विषयों पर विमर्श होगा। आयोजकों का उद्देश्य स्थापित लेखकों और नई पीढ़ी के रचनाकारों को एक मंच पर लाना है।

इंदौर में 11 साल के पार्थ का नेत्रदान, व्यापारी का अंगदान

पार्थ के नेत्रदान से 2 को रोशनी, व्यापारी के लिवर से मरीज को जीवन

इंदौर, मध्य प्रदेश | इंदौर में 11 वर्षीय पार्थ पंवार के निधन के बाद परिवार ने नेत्रदान और त्वचादान की सहमति देकर मिसाल पेश की। उनके नेत्रों से 2 लोगों को रोशनी मिलने की उम्मीद है, जबकि त्वचा गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के उपचार में उपयोग होगी।

वहीं, कटनी निवासी 56 वर्षीय बर्तन व्यवसायी सुनील कुमार ताम्रकार के ब्रेन हेमरेज के बाद परिजनों ने अंगदान का निर्णय लिया। उनका लिवर इंदौर के



58 वर्षीय मरीज में प्रत्यारोपित किया गया। तकनीकी कारणों से हार्ट और लंग्स दान नहीं हो सके। उनकी आंखें और त्वचा भी दान की गईं। सुनील कुमार को मध्य प्रदेश शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई।

इंदौर-भोपाल में बन सकेंगी 100 मंजिला इमारतें

चौड़ी सड़कों पर निर्माण की अनुमति देने की तैयारी, 6-6 जिलों को जोड़कर मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाने की योजना

इंदौर, मध्य प्रदेश | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पर्याप्त चौड़ी सड़क होने पर इंदौर-भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में 100 मंजिल तक की इमारतों को अनुमति देने की व्यवस्था की जा रही है। इंदौर और भोपाल को 6-6 जिलों के साथ मेट्रोपॉलिटन रीजन के रूप में विकसित करने की योजना है। आगे जबलपुर और ग्वालियर को भी इसमें शामिल करने की दिशा में काम होगा।

इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में शहरी विकास, जल प्रबंधन, किफायती आवास और धार्मिक पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं के लिए 6 एमओयू



पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें इंदौर की जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना तथा उज्जैन के मंदिर सर्किट का आधुनिकीकरण शामिल है।

कॉन्क्लेव में किफायती आवास और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण एवं पुन: उपयोग की राज्यस्तरीय नीतियों के प्रारूप भी पेश किए गए। मुख्यमंत्री ने इकोनॉमिक कॉरिडोर और योजनाबद्ध शहरी विस्तार पर जोर दिया। 100 मंजिला इमारतों के लिए विस्तृत तकनीकी मानक और शर्तें नियम स्पष्ट होने के बाद सामने आएंगी।

इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो की 80 मीटर सुरंग तैयार

कनाड़िया से एमजी रोड होते हुए एयरपोर्ट तक प्रस्तावित 13 किमी भूमिगत कॉरिडोर पर काम जारी

इंदौर,मध्य प्रदेश | इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो का निर्माण तेज हो रहा है। टनल बोरिंग मशीन (TBM) से अब तक 80 मीटर से अधिक सुरंग बनाई जा चुकी है। साथ ही, सुरंग को मजबूती देने के लिए गोलाकार कंक्रीट सेगमेंट लगाए जा रहे हैं।

प्रस्तावित भूमिगत कॉरिडोर करीब 13 किमी लंबा होगा, जो कनाड़िया क्षेत्र से एमजी रोड होते हुए एयरपोर्ट की दिशा में जाएगा। अगले चरण में TBM रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ेगी, जहां जमीन के ऊपर मकान, सड़कें और अन्य शहरी गतिविधियां हैं।



फिलहाल सुरंग निर्माण शुरुआती चरण में है। आगे खुदाई की गति तकनीकी परिस्थितियों और जांच के आधार पर तय होगी। कॉरिडोर पूरा होने के बाद घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी मेट्रो संचालन का रास्ता खुलेगा।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 148

राहत भरी खबर : कैंसर की 543 दवाओं के दाम घटे

महंगी दवाओं की कीमतों में बड़ी कटौती, 9 नवंबर से नई दरें लागू

Company Name	Drug Name	Strength & Dosage Form	Brand Name	Pack Size	Old MRP (₹)	Revised MRP (₹)
RPG LIFE SCIENCES LTD	Anastrozole	1 MG Tablet	ANARZOLE	10 tablets	695.76	73.00
Dr. Reddys Laboratories Limited	Azacitidine	100 MG Injection	Azacytin	1	6,337.00	1,495.04
Abbott Healthcare Pvt. Ltd.	Bevacizumab	100 mg/4 ml Injection	BEVACIZAB	4 ml vial	21,767.70	5,930.13
NATCO PHARMA LIMITED	Dasatinib	20 MG Tablet	Dasanat 20	60 tablets	2,812.50	1,085.93
RPG LIFE SCIENCES LTD	Denosumab	60 MG Injection	Debrumab 60 mg	1 ml PFS	22,031.25	5,941.00
RPG LIFE SCIENCES LTD	Enzalutamide	40 MG Capsule	Enuta	28 capsules	6,578.20	2,232.00
NEON LABORATORIES LIMITED	Erlotinib	150 MG Tablet	ERLIB	1 Plastic Bottle of 30 tablets	4,637.45	2,008.00
HETERO HEALTHCARE LTD	Fludarabine	50 MG Injection	FLUDANOX	vial	14,235.00	2,432.00

नई-दिल्ली| नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) ने कैंसर की 543 दवाओं के ब्रांड्स की अधिकतम खुदरा कीमतें संशोधित की हैं। नई दरें 9 नवंबर 2026 से लागू होंगी।

उदाहरण के तौर पर, फुलवेस्ट्रेंट इंजेक्शन की कीमत ₹26,072 से घटकर ₹5,491 और बेवेसिजुमैब इंजेक्शन की कीमत ₹21,767 से घटकर ₹5,930 हो गई है।

इस कदम का उद्देश्य कैंसर का इलाज किफायती बनाना है। हालांकि, कीमतों में कटौती सूची में शामिल दवाओं पर लागू होगी।



मंदसौर में नकली दूध की फैक्ट्री पकड़ी, 40 लीटर केमिकल जब्त

डूंगरखेड़ी में दो भाइयों के मकान पर कार्रवाई, आरोपी फरार; 40 दिनों में दूसरी बड़ी कार्रवाई



डूंगरखेड़ी, मंदसौर, | मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के डूंगरखेड़ी गांव में पुलिस ने नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। कार्रवाई के दौरान कृष्णपाल और शिवपाल नाम के दो भाई फरार मिले। मौके से 6 कट्टे दूध पाउडर, 40 लीटर केमिकल, 40 लीटर तैयार नकली दूध, 5 डिब्बे पाम ऑयल और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

खाद्य विभाग की टीम ने नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। गांव में 40 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

इससे पहले भी यहां सैंपलिंग हुई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं।

इससे पहले 8 अप्रैल को कोटड़ाबुजुर्ग से 1,500 लीटर सिंथेटिक दूध और 100 लीटर केमिकल जब्त किया गया था। वहीं, 12 अप्रैल को चचावदा चौकटिया में 1,000 लीटर गाढ़ा नकली दूध और मिक्सिंग उपकरण मिले थे।

कूनो में चीते की मौत की जांच के लिए केंद्र ने बनाई टीम

बंदूक के छर्रे लगने से 19 महीने के चीते की मौत; हाईकोर्ट में CBI जांच की मांग



कूनो,मध्यप्रदेश | कूनो नेशनल पार्क में 19 महीने के नर चीते KNG 22 की बंदूक के छर्रे लगने से हुई मौत के मामले में केंद्र सरकार ने उच्चस्तरीय जांच टीम गठित की है। टीम में NTCA और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अधिकारी शामिल हैं।

टीम घटना के कारणों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और निगरानी व्यवस्था की जांच करेगी। इसके बाद रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को सौंपी जाएगी।

वहीं, वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर CBI जांच की मांग की है। याचिका में कूनो के आसपास संगठित शिकार गिरोह सक्रिय होने की आशंका जताई गई है।

सवाल

आखिर ऐसे शिकारियों पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम कब उठेंगे ?

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 4 | गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 148

La SAGESSE
SEAT OF WISDOM



MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU



Senior Luxury Living

SBS Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्वामी सौरभ सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्प्लेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, पाल्दा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वामीम सेंगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)